# दिल्ली में सजेगा प्रेरणा और गौरव का मंच: 'मिस्टर, मिस एंड मिसेज इंडिया 2026' और 'ग्लोबल प्राइड अवार्ड्स' का भव्य आयोजन

**नई दिल्ली (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली के प्रतिष्ठित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया (मावलंकर ऑडिटोरियम) में 17 मई 2026 को महिला सशक्तिकरण, देशभक्ति और सामाजिक एकता का एक अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। यहाँ मिस्टर, मिस एंड मिसेज इंडिया 2026 इंस्पिरेशन पेजेंटर के साथ-साथ ग्लोबल प्राइड अवार्ड्स 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। प्रमुख आयोजक और प्रायोजक इस शानदार प्रतियोगिता का आयोजन 'क्वीन ऑफ हार्ट्स' और 'इंस्पिरेशन पेजेंट्स' की संस्थापक, प्रसिद्ध पेजेंट कोच पूनम बिष्ट द्वारा किया जा रहा है।



कार्यक्रम का मुख्य प्रायोजक (Title Sponsor) हडत्रॄ कंपनी है, जबकि ूमन प्राइड ग्रुप द्वारा इसे संचालित (Powered by) किया जा रहा है। उपलब्धियों का सम्मान: ग्लोबल प्राइड अवार्ड्स डॉ. राकेश गोयल तिगरानिया द्वारा आयोजित 'ग्लोबल प्राइड अवार्ड्स 2026' में भारत भर की लगभग 251 महिला उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें विभिन्न पेशेवर क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट योगदान और समाज के प्रति उनकी समर्पित सेवा के लिए दिया जाएगा। विशेष आकर्षण: कन्यादान सोशल कैंपेन और बॉलीवुड नाइट
नया गीत लॉन्च: शाम का एक मुख्य आकर्षण 'कन्यादान' सामाजिक अभियान के तहत महिलाओं को समर्पित एक विशेष गीत का विमोचन होगा। प्रसिद्ध गायक राम कुमार लखा द्वारा प्रस्तुत यह गीत महिलाओं की गरिमा, गर्व और सम्मान का प्रतीक है। बॉलीवुड का तड़का: कार्यक्रम का समापन एक धमाकेदार 'बॉलीवुड नाइट' के साथ होगा, जिसमें 'आशिकी' फिल्म फेम प्रसिद्ध अभिनेता राहुल रॉय शिरकत करेंगे। वीर नारियों का सम्मान और देशभक्ति इस समारोह का सबसे भावुक और गौरवशाली हिस्सा 11 वीर नारियों का अभिनंदन होगा। सेना के वरिष्ठ जनरल अधिकारियों द्वारा इन वीरांगनाओं को सम्मानित किया जाएगा, जो सैन्य परिवारों के साहस और राष्ट्र के प्रति उनके बलिदान को एक सलाम होगा। प्रतिभा और अवसर देशभर से आए प्रतिभागी मिस्टर, मिस और मिसेज इंडिया 2026 के विभिन्न श्रेणियों में अपने आत्मविश्वास और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। पेजेंट के कोरियोग्राफर श्वेतांक प्रकाश चतुर्वेदी हैं। इस शो के मुख्य अतिथि मेजर जनरल बख्शी होंगे। ₹यह मेगा इवेंट गणमान्य व्यक्तियों, रक्षा कर्मियों और समाजसेवियों का एक ऐसा 'संगम' होगा, जहाँ उत्कृष्टता, मानवता और सामाजिक योगदान को एक साथ सराहा जाएगा।₹ मिस्टर, मिस एंड मिसेज इंडिया 2026 इंस्पिरेशन पेजेंट और ग्लोबल प्राइड अवार्ड्स न केवल प्रतिभा को मंच प्रदान करेगा, बल्कि महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय गौरव के एक शक्तिशाली प्रतीक के रूप में भी उभरेगा।

## संक्षिप्त डायरी

### नोएडा में फूड वैन के लिए बनेंगे वेंडिंग जोन:सड़क पर नहीं हो सकेंगे खड़े

**नोएडा (एजेंसी)** में सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर अव्यवस्थित तरीके से खड़ी होने वाली फूड वैन को अब नियमित किया जाएगा। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण शहर में विशेष फूड वैन वेंडिंग जोन विकसित करने की तैयारी कर रहा है। इन स्थानों पर केवल फूड वैन को ही कारोबार करने की अनुमति होगी। प्राधिकरण अधिकारियों के मुताबिक शहर में पहले से वेंडर्स के लिए कई वेंडिंग जोन बनाए गए हैं, लेकिन फूड वैन की लगातार बढ़ती संख्या के कारण ट्रैफिक और अव्यवस्था की समस्या बढ़ रही है। सड़क किनारे लग रही फूड वैन से बढ़ रही परेशानी अधिकारियों का कहना है कि कई जगह सड़क किनारे खड़ी फूड वैन के कारण जाम की स्थिति बन जाती है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या को देखते हुए अलग से फूड वैन जोन बनाने की योजना तैयार की गई है। सर्वे के बाद चिन्हित होंगे स्थान नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी इंदू प्रकाश सिंह ने बताया कि जल्द ही शहरभर में फूड वैन का सर्वे कराया जाएगा।सर्वे के आधार पर ऐसे स्थान चिन्हित किए जाएंगे, जहां स्ट्रीट फूड जोन की तर्ज पर फूड वैन संचालित की जा सकें। इन जोन में साफ-सफाई, पार्किंग और ट्रैफिक व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा। रजिस्ट्रेशन होगा अनिवार्य प्राधिकरण के अनुसार फूड वैन संचालकों को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। रजिस्ट्रेशन के बाद उन्हें निर्धारित स्थान आवंटित किए जाएंगे। इसके लिए संचालकों से मासिक शुल्क भी लिया जा सकता है। केवल नियमों का पालन करने वाली फूड वैन को ही अधिकृत जोन में कारोबार करने की अनुमति मिलेगी। प्राधिकरण का मानना है कि नई व्यवस्था से स्ट्रीट फूड कारोबार व्यवस्थित होगा और ट्रैफिक व अतिक्रमण की समस्या पर भी नियंत्रण पाया जा सकेगा।

### ग्रेटर नोएडा में चाचा-भतीजे पर जानलेवा हमला:पुरानी रंजिश में 6 नामजद समेत अन्य पर केस दर्ज

**नोएडा (एजेंसी)** नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित उस्मानपुर गांव में पुरानी रंजिश के चलते चाचा-भतीजे पर हमला किया गया है। इस हमले में चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर छह नामजद समेत अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित असलम ने पुलिस को दी अपनी शिका त में बताया कि उनका 13 वर्षीय बेटा अनस शनिवार रात ट्यूशन पढ़कर घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश के कारण उसे रोक लिया और उसके साथ मारपीट की। किसी तरह घर पहुंचने पर अनस ने इस घटना की जानकारी अपने चाचा इरफान को दी। इसके बाद इरफान, अनस और एक अन्य व्यक्ति आरोपियों के घर शिकायत करने पहुंचे। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद लोगों ने पीड़ित पक्ष पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में अनस और इरफान गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन तत्काल दोनों को अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद इरफान की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल रेफर कर दिया। इरफान के चेहरे और आंख समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। वर्तमान में वह आईसीयू में भर्ती हैं और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी हसीन, इरफान, फरमान, अफसर, यूनुस, समीम और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### ग्रेटर नोएडा में मां-बेटे पर हमला:पुरानी रंजिश में सगे भाई समेत 4 पर केस दर्ज

**नोएडा (एजेंसी)** दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित अट्टा फतेहपुर गांव में पारिवारिक रंजिश के चलते एक व्यक्ति की पत्नी और बेटे पर हमला किया गया। पीड़ित ने अपने सगे भाई समेत चार लोगों पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर रविवार को चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।अट्टा फतेहपुर गांव निवासी असरफ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार रात वह किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान उनके सगे भाई और अन्य आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते उनके घर पहुंचकर पत्नी फरजाना और बेटे मोहम्मद कैफ पर हमला कर दिया। इस हमले में मां-बेटा घायल हो गए।पीड़ित के अनुसार, बेटे मोहम्मद कैफ को गंभीर चोटें आई हैं। उसे पहले ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।असरफ ने बताया कि आरोपियों से उनका पहले भी कई बार विवाद हो चुका है। पुरानी रंजिश के कारण ही इस वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने असरफ की तहरीर पर आरोपी जरीफ, जुनैद, सुहेल और सैफ अली खान के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि मामले की जांच की जा रही है। फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### नोएडा में पिज्जा बनाते समय युवक ने थूका


**नोएडा (एजेंसी)** नोएडा में सेक्टर-22 चौड़ा गांव में पिज्जा हंट नाम की दुकान से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक पिज्जा बनाते समय उस पर थूकता हुआ दिखाई दे रहा है। दावा किया जा रहा है कि वीडियो में दिख रहा युवक मुजम्मिल नाम का है, जो उक्त दुकान पर काम करता है। हालांकि वीडियो की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। लोगों ने इसे ग्राहकों की भावनाओं और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। मामले की जानकारी मिलते हिंदू संगठनों ने भी इसका विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग उठाई। वायरल वीडियो के आधार पर जांच वायरल वीडियो के आधार पर थाना सेक्टर-24 पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया और जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, वायरल वीडियो की सत्यता, समय और स्थान की जांच की जा रही है। साथ ही वीडियो में दिखाई दे रहे युवक और दुकान संचालकों से भी पूछताछ की जाएगी। खाद्य सुरक्षा संबंधित धाराओं में होगा एक्शन पुलिस का कहना है कि यदि जांच में वीडियो सही पाया जाता है तो संबंधित लोगों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा और अन्य संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रशासन भी मामले पर नजर बनाए हुए है।

## शास्त्री पार्क-मयूर विहार फेज-3 मेट्रो कॉरिडोर से सफर होगा आसान, जुड़ेंगे सघन आबादी वाले कई इलाके

**नई दिल्ली (एजेंसी)** लंबे समय से ट्रैफिक जाम, सीमित सार्वजनिक परिवहन और इंटरचेंज निर्भर यात्रा की समस्या झेल रहे ट्रांस-यमुना क्षेत्र को इस कॉरिडोर से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। दिल्ली मेट्रो के प्रस्तावित फेज-5बी के तहत बनने वाला शास्त्री पार्कझ्रमयूर विहार फेज-3 कॉरिडोर पूर्वी दिल्ली के लिए नई लाइफलाइन साबित होगा। लंबे समय से ट्रैफिक जाम, सीमित सार्वजनिक परिवहन और इंटरचेंज निर्भर यात्रा की समस्या झेल रहे ट्रांस-यमुना क्षेत्र को इस कॉरिडोर से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। सघन आबादी वाले कई इलाकों को जोड़ने वाला यह कॉरिडोर न केवल यात्रा समय कम करेगा, बल्कि पूर्वी दिल्ली के भीतर ईस्ट-टू-ईस्ट कनेक्टिविटी को भी मजबूत करेगा। अभी तक यमुनापार के कई हिस्सों के बीच सीधे मेट्रो कनेक्शन की कमी के कारण यात्रियों को मेट्रो स्टेशन पहुंचने के लिए लास्टमाइल कनेक्टिविटी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। प्रस्तावित कॉरिडोर 13.19 किलोमीटर का होगा जिसमें आठ स्टेशन बनेंगे। इसमें तीन स्टेशन भूमिगत और पांच स्टेशन एलिवेटेड रहेंगे। इस कॉरिडोर के बनने से मेट्रो के तीन कॉरिडोर पिंक, ब्लू और रेड लाइन आपस में कनेक्ट हो जाएंगे। मौजूदा समय में यदि किसी को मयूर विहार फेज-2, 3, पांडव नगर, लक्ष्मी नगर, गांधी नगर या त्रिलोकपुरी से कश्मीरी गेट बस अड्डे जाना है तो उन्हें पहले ब्लू लाइन या पिंक लाइन पकड़कर वेलकम मेट्रो स्टेशन जाना पड़ता है। वहां से रेड लाइन मेट्रो लेकर आगे जाना होता है। नए कॉरिडोर से मेट्रो के अन्य कॉरिडोर नहीं पकड़ना पड़ेगा बल्कि वह सीधे शास्त्री पार्क जा सकेंगे। यहां से रेड लाइन से कश्मीरी गेट जाया जा सकेगा। घर से कूछ दूरी पर ही मिलेगी मेट्रो दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) घर से 500-800 मीटर की दूरी पर मेट्रो की कनेक्टिविटी योजना के तहत काम कर रही है। शास्त्री पार्कझ्रमयूर विहार फेज-3 लाइन को इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। इसी योजना के तहत फेज-5ए में तीन छोटे-छोटे कॉरिडोर तैयार किए गए हैं,

## दिल्ली-एनसीआर में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, दो दिन तेज हवाओं और बारिश से मिलेगी राहत

**नई दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली-एनसीआर में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। 11 और 12 मई को गरज-चमक, तेज हवाओं संग हल्की बारिश की संभावना है। इससे गर्मी से राहत मिलेगी, पर बाद में तापमान फिर बढ़ेगा। दिल्ली-एनसीआर में आगामी दिनों के दौरान मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल सकता है। रविवार को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। इसका असर रात या सोमवार सुबह तक मैदानी इलाकों में देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, 11 और 12 मई को आसमान आंशिक रूप से बादलों से घिरा रहेगा, जो बाद में पूरी तरह बादल छाने की स्थिति में बदल सकता है। इन दिनों शाम और रात के समय गरज-चमक, तेज हवाओं और हल्की बारिश की संभावना



जताई गई है। हवाओं की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रहने के साथ झोंकों में 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। ऐसे में लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार, 13 मई को भी बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और सुबह और दोपहर के समय गरज के साथ मौसम बदल सकता है। इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी होगी। 14 मई को आसमान आंशिक रूप से बादलों से ढका रहेगा, जबकि 15 और 16 मई को मौसम मुख्य रूप से साफ रहने का अनुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान 34 से 40 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 23 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। ऐसे में कुछ दिनों की राहत के बाद सूरज फिर अपने तेवर दिखाएगा। दिल्ली के लोगों को कई दिन से गर्मी का टॉर्चर झेलना पड़ रहा है। मौसम शुष्क बने रहने के चलते लगातार तापमान चढ़ रहा है। साथ ही, सूरज अपने कड़े तेवर दिखा रहा है। ऐसे में रविवार को दिनभर तेज धूप के चलते लोगों को गर्मी का अहसास हुआ। इस दौरान लोग पसीने से तरबतर दिखाई दिए। सुबह से ही निकल रही तेज धूप ने लोगों को खासा परेशान किया हुआ था। साथ ही, गर्म हवाओं ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी थी। इस दौरान अधिकतम तापमान 37.9 और न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री दर्ज हुआ। दिल्ली में अधिकतम आर्द्रता 73 प्रतिशत और न्यूनतम आर्द्रता 38 प्रतिशत रही।

## दिल्ली में आज बारिश, आंधी-तूफान और 50 की रफ्तार से चलेंगी हवाएं; कैसा रहेगा दो दिन मौसम

**नई दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली-एनसीआर में नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 11 और 12 मई को आंशिक से पूर्ण बादल छाए रहेंगे। शाम-रात गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और 30-50 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। कुछ दिनों की गर्मी से राहत मिलने के बाद 14 मई से तापमान फिर बढ़ेगा। आज से दिल्ली-एनसीआर के मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिलेगा। रविवार को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। इसका असर रात या सोमवार सुबह तक मैदानी इलाकों में दिखाई दे सकता है। दिल्ली में आज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, 11 और 12 मई को आसमान आंशिक रूप से बादलों से घिरा रहेगा। यह स्थिति बाद में पूरी तरह बादल छाने में बदल सकती है। इन दिनों शाम और रात के समय गरज-चमक के



साथ तेज हवाएं चलेंगी। हल्की बारिश की भी संभावना जताई गई है। हवाओं की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है। इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। 14 मई को आसमान आंशिक रूप से बादलों से ढका रहेगा। 15 और 16 मई को मौसम मुख्य रूप से साफ रहने का अनुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान 34 से 40 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 23 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। कुछ दिनों की राहत के बाद सूरज फिर अपने तेवर दिखाएगा। दिल्ली के लोगों को कई दिनों से गर्मी का कष्ट झेलना पड़ रहा है। शुष्क मौसम के चलते लगातार तापमान बढ़ रहा था और सूरज अपने कड़े तेवर दिखा रहा था। रविवार को दिनभर तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को भीषण गर्मी का अहसास हुआ। रविवार को अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री दर्ज हुआ। अधिकतम आर्द्रता 73 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 38 फीसदी रही।

## बारापुल्ला फेज-3 जून के अंत तक शुरू करने की तैयारी, परियोजना पर 1635 करोड़ रुपये की आई लागत

**नई दिल्ली (एजेंसी)** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने इसका सिविल निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। सरकार ने 30 जून तक इसे जनता के लिए खोलने का लक्ष्य तय किया है। करीब एक दशक से प्रशासनिक अड़चनों में फंसा बारापुला फेज-3 एलिवेटेड कॉरिडोर के अब शुरू होने की उम्मीद है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने इसका सिविल निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। सरकार ने 30 जून तक इसे जनता के लिए खोलने का लक्ष्य तय किया है। यह परियोजना सिर्फ एक फ्लाईओवर नहीं, बल्कि पूर्वी और दक्षिणी दिल्ली के बीच ट्रैफिक दबाव कम करने की बड़ी रणनीति का हिस्सा है। इसके चालू होने के बाद मयूर विहार से सराय काले खां होते हुए एम्स तक करीब नौ किलोमीटर लंबा सिग्नल-फ्री कॉरिडोर मिल जाएगा। इससे यात्रा समय में लगभग 15 मिनट तक की कमी आने का अनुमान है। सबसे बड़ा असर सराय काले खां, रिंग रोड और डीएनडी फ्लाईओवर पर दिखेगा। यहां रोजाना भारी ट्रैफिक दबाव रहता है। पूर्वी दिल्ली और नोएडा की ओर से दक्षिणी दिल्ली आने वाले हजारों वाहन अभी इन मार्गों पर जाम में फंसते हैं। नया कॉरिडोर शुरू होने से ट्रैफिक का बंटवारा होगा और प्रमुख चौराहों पर दबाव कम हो सकता है। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार, फ्लाईओवर का मुख्य ढांचा तैयार हो चुका है। अब सुरक्षा बैरियर, लाइटिंग, साइनबोर्ड और अन्य



अंतिम कार्य पूरे किए जा रहे हैं। परियोजना को लेकर सरकार भी सतर्क है और विभाग को तय समय सीमा के भीतर इसे चालू करने के निर्देश दिए गए हैं। बारापुल्ला फेज-3 को वर्ष 2014 में मंजूरी मिली थी। इसे आईएनए से सराय काले खां तक पहले से बने एलिवेटेड नेटवर्क के विस्तार के रूप में विकसित किया गया। परियोजना में यमुना नदी पर पुल का निर्माण भी शामिल है। परियोजना पर 1635 करोड़ रुपये की आई लागत देरी के कारण परियोजना की लागत भी लगातार बढ़ती गई। हाल ही में दिल्ली मंत्रिमंडल ने इसकी संशोधित लागत 1,635.03 करोड़ रुपये मंजूर की है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह कॉरिडोर तय समय पर चालू हो जाता है तो इससे न केवल ट्रैफिक जाम में राहत मिलेगी, बल्कि पूर्वी दिल्ली, नोएडा और दक्षिणी दिल्ली के बीच यात्रा करने वाले दैनिक यात्रियों के लिए सफर अधिक तेज और सुगम हो जाएगा।

## कागजों में सभी बन चुके शहर, 63 साल में 352 का कायाकल्प; पर मूलभूत सुविधाएं नदारद

**नई दिल्ली (एजेंसी)** छह दशक से अधिक समय तक चली इस प्रक्रिया के बावजूद अधिकांश गांवों की तस्वीर आज भी नहीं बदली है और ग्रामीणों को शहर जैसी मूलभूत सुविधाओं का इंतजार है। राजधानी में अधिकारिक रूप से एक भी गांव नहीं बचा है। हाल ही में 48 गांवों को शहरीकृत घोषित किए जाने के साथ ही दिल्ली के सभी 352 गांव शहरीकृत श्रेणी में शामिल हो गए हैं। एमसीडी ने आठ चरणों में यह प्रक्रिया पूरी की है। हालांकि छह दशक से अधिक समय तक चली इस प्रक्रिया के बावजूद अधिकांश गांवों की तस्वीर आज भी नहीं बदली है और ग्रामीणों को शहर जैसी मूलभूत सुविधाओं का इंतजार है। दिल्ली में



गांवों को शहरीकृत घोषित करने की शुरूआत पहले मास्टर प्लान के लागू होने के बाद वर्ष 1963 में हुई थी। उस समय 19 गांवों को शहरीकृत गांव का दर्जा दिया गया था। उसके तीन वर्ष बाद 1966 में 72 और गांवों को इस श्रेणी में शामिल किया गया। जबकि दूसरे मास्टर प्लान के दौरान वर्ष 1982 में 24 गांवों को शहरीकृत घोषित किया, जबकि 1994 में 20 अन्य गांव इस सूची में जोड़े गए। तीसरे मास्टर प्लान और लैंड पुलिंग पॉलिसी लागू होने के बाद शहरीकरण की प्रक्रिया ने तेजी पकड़ी। वर्ष 2017 में 89 गांवों को शहरीकृत घोषित किया गया। उसके बाद 2019 में 79 और 2021 में एक गांव को यह दर्जा मिला। अब वर्ष 2026 में शेष बचे 48 गांवों को भी शहरीकृत घोषित कर दिया गया है। इस तरह दिल्ली में गांवों का अस्तित्व प्रशासनिक रूप से पूरी तरह समाप्त हो गया है। छह दशक बाद भी नहीं बदली गांवों की हालत पूर्व सांसद चौ. तारीफ सिंह के अनुसार गांवों को शहरीकृत घोषित करने का उद्देश्य उन्हें शहर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना था, लेकिन अधिकांश गांव आज भी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। कई गांवों में संकरी गलियां, अव्यवस्थित निर्माण, पार्किंग की समस्या, जल निकासी की कमी और खराब सड़कें आज भी बड़ी चुनौती हैं। वहीं पूर्व महानगर पार्षद रोहताश डबास ने बताया कि शहरीकरण के नाम पर गांवों में केवल कर और नियम लागू किए गए, लेकिन सुविधाएं नहीं पहुंचीं। अधिकांश गांवों में सीवर लाइन बिछाने के अलावा कोई बड़ा विकास कार्य नहीं हुआ। कई गांवों के चारो ओर पॉश कॉलोनियां विकसित हो चुकी हैं, लेकिन गांव खुद चहारदीवारी में घिरे हुए अलग-थलग क्षेत्र बनकर रह गए हैं। नियम बढ़े, नहीं बनी अनुकूल व्यवस्था गांवों के शहरीकृत होने के बाद वहां संपत्ति कर लागू हो गया है। साथ ही भवन उपनियम, मास्टर प्लान और डीडीए के प्रावधान भी लागू हो चुके हैं। इस कारण गांवों में मकान निर्माण और पुनर्निर्माण ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांवों की पारंपरिक बसावट और संकरी गलियों को देखते हुए शहरी भवन उपनियम व्यवहारिक नहीं है। कई लोग अपने पुराने मकानों का निर्माण या मरम्मत भी आसानी से नहीं कर पा रहे हैं। दूसरी ओर, गांवों में शहरी इलाकों की तरह व्यावसायिक गतिविधियों की भी पूरी अनुमति नहीं है, जिससे आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ रहा है। मास्टर प्लान और जमीनी हकीकत में अंतर शहरी योजनाकारों का मानना है कि दिल्ली के गांवों को शहरीकृत घोषित करने की प्रक्रिया कागजों में तो पूरी हो गई, लेकिन जमीनी स्तर पर विकास नहीं हो सका।

## संक्षिप्त डायरी

### हाईवे किनारे खड़ी बस में लगी भीषण आग, एक घंटे तक मची अफरा-तफरी; देखें वीडियो

**एटा (एजेंसी)** मैनपुरी के किशनी में हाईवे किनारे खड़ी एक प्राइवेट बस में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। दमकल ने एक घंटे में आग पर काबू पाया, लेकिन इस दौरान आधे घंटे तक हाईवे जाम रहा और एबुंलेंस भी फंस गई। मैनपुरी के किशनी में ग्वालियर-बरेली राजमार्ग पर साई पेट्रोल पंप के सामने बस में अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकल बुलाकर बमुश्किल आग पर काबू पाया। तब तक मार्ग के दोनों ओर जाम के हालात रहे। इसमे एम्बुलेंस भी आग बुझने तक फंसी रही। बाद में पुलिस ने यातायात सुचारू करवाया। सोमवार को ग्वालियर-बरेली राजमार्ग पर साई पेट्रोल पंप के सामने दूसरी ओर किशनी-मैनपुरी मार्ग की प्राइवेट बस संख्या यूपी83टी2855 खड़ी थी। अचानक बस में आग लग गयी।आग ने इतना विकराल रूप ले लिया। पेट्रोल पंप संचालक मुकेश यादव ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी और अपने कर्मियों से आग बुझाने के उपकरण बाहर लेकर खड़ा करवा दिया। सूचना पर पुलिस व दमकल कर्मी पहुंच गए और आग को एक घण्टे कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा पाया। विकराल आग को देखकर हाइवे से गुजरने वाले वाहनो की आधा घण्टे तक इस गर्मी में दोनों ओर कतार लग गयी। वाहनों के बीच मे एम्बुलेंस भी आग बुझने तक फंसी रही। स्थानीय लोगों की माने तो यह आग खेत मे लगाई गई आग से हवा तेज होने के चलते लगी है। मार्ग के किनारे किसी किसान ने गेंहू के पुआल में आग लगाई थी जिसको भी दमकल कर्मी बुझा रहे थे। सूचना पाकर प्राइवेट बस मालिक अजय यादव निवासी लेखराजपुर कुर्रा का बेटा भी मौके पर पहुंच गया था।

### महिला को जान से मारने की धमकी, हवाई फायरिंग की, वकील समेत तीन लोग हिरासत में

**बरेली (एजेंसी)** बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र में फायरिंग का मामला सामने आया है। पड़ोसी महिला ने तीन भाइयों पर जान से मारने की धमकी देने और फायरिंग करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र के घेर जाफर खां निवासी महिला गुलशन ने तीन भाइयों पर जान से मारने की धमकी देने, हवाई फायरिंग और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। इस मामले में जगतपुर चौकी पुलिस ने वकील समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया है। गुलशन का आरोप है कि सुब्हान उर्फ फायक, इरफान और इमरान (सगे भाई) उसे व परिवार को लगातार परेशान कर रहे हैं। शुक्रवार दोपहर वह अपनी दो बेटियों के साथ घर पर थी, तभी सुब्हान दरवाजे पर आया। उसने परिवार को जान से मारने की धमकी दी और गाली-गलौज करने लगा। हवाई फायरिंग भी की। गुलशन के मुताबिक, उस समय पति और दो बेटे दुकान पर थे। इन तीनों भाइयों के खिलाफ पहले भी मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। इसके बावजूद वे दबंगई करते रहते हैं। गुलशन ने आरोपियों का वीडियो भी पुलिस को मुहैया कराया है। बारादरी इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह ने बताया कि एक फायर की बात सामने आई है। तीन आरोपी हिरासत में लिए हैं। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पुरानी रंजिश में दो युवकों पर चाकू से किया हमला बारादरी थानाक्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों पर चाकू से हमला किया गया। पुलिस के पहुंचने पर हमलावर मौके से भाग गए। घायल युवकों की पहचान सैलानी निवासी अयान और उसके दोस्त सारिक के रूप में हुई है। अयान ने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ घर से निकला था। घर से कुछ दूरी पर अनस और छोटे ने अपने चार-पांच साथियों के साथ घेर लिया। आरोप है कि कहासुनी के बाद आरोपियों ने उन दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। इससे दोनों लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है।

### बीपी की जांच कराने अस्पताल पहुंचे मरीज ने महिला को मारी गोली, मौत

**चंदौली (एजेंसी)** इस सनसनीखेज मामले की जानकारी मिलते ही अलीनगर थाने पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। अस्पतालकर्मियों और ग्रामीणों ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। उससे पूछताछ की जा रही है। इससे पहले ग्रामीणों ने उसकी जमकर पिटाई की थी। चंदौली के अलीनगर थाना क्षेत्र स्थित कमलापुर के जीवक अस्पताल में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब अस्पताल में भर्ती एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान लक्ष्मीना (55) निवासी सासाराम के रूप में हुई है। वह पिछले कई दिनों से अस्पताल में भर्ती थीं। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब साढ़े छह बजे एक युवक अस्पताल पहुंचा। उसने खुद को मरीज बताते हुए बीपी की दवा ली और इलाज के बहाने अस्पताल के ऊपर स्थित वार्ड में पहुंच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक ने अचानक महिला की कनपटी पर पिस्टल सटा दी और गोली मार दी। गोली लगते ही महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई और मरीजों व तीमारदारों में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि अस्पताल से बाहर निकलते समय आरोपी ने एक और फायर किया। इसके बाद वह बाइक से भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण और अस्पताल कर्मी जुट गए। लोगों ने पीछा कर आरोपी युवक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर अपने साथ थाने ले गई।

### 22 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त, दर्ज है 78 FIR; गैंग का लीडर था

**आजमगढ़ (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश में चिन्हित माफिया ध्रुव सिंह पर हत्या, रंगदारी और संगठित अपराध से अवैध संपत्ति अर्जित करने के आरोप हैं। पुलिस के अनुसार अपराध से कमाए धन से उसकी आलीशान हवेली तैयार की गई थी। माफिया पर प्रदेश के विभिन्न थानों में 78 प्राथमिकी दर्ज हैं और उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है। प्रदेश स्तर पर चिन्हित माफिया ध्रुव कुमार सिंह उर्फ कुंटू सिंह के खिलाफ पुलिस और प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए उसकी लगभग डेढ़ करोड़ रुपये कीमत की संपत्ति कुर्क कर दी। सीओ सिटी शुभम तोदी ने बताया कि यह संपत्ति हत्या, लूट, रंगदारी, अपहरण और अन्य संगठित अपराधों से अर्जित अवैध धन से तैयार की गई थी। इसके साथ ही अब तक माफिया की कुल 22 करोड़ 05 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन और क्षेत्राधिकारी नगर शुभम तोदी की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के छपरा सुल्तानपुर गांव निवासी ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू सिंह का हिस्ट्रीशीटर 138ए तथा गैंग नंबर आईआर-36 का लीडर बताया गया है।

# योगी मंत्रिमंडल विस्तार: फिर खाली रही बस्ती मंडल की झोली, कार्यकर्ताओं और नेताओं में मायूसी

**गोरखपुर (एजेंसी)** यूपी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में बस्ती मंडल के हाथ एक बार फिर खाली रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नए मंत्रिमंडल में बस्ती, सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर जिले से किसी भी विधायक या नेता को जगह नहीं मिली। विस्तार से पहले मंडल के कई दिग्गज नेताओं के नाम चर्चा में थे, लेकिन सूची जारी होते ही कार्यकर्ताओं में मायूसी छा गई। सियासी जानकारों का मानना है कि जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साधने में बस्ती मंडल पिछड़ गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल विस्तार में बस्ती मंडल की झोली खाली ही रही। इससे पार्टी नेताओं में



मायूसी है। योगी के पहले कार्यकाल में सिद्धार्थनगर से दो मंत्री बनाए गए थे। बस्ती मंडल में तीन जिले बस्ती, सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर हैं। योगी सरकार के पहले कार्यकाल में सिद्धार्थनगर जिले से इटवा के विधायक सतीश द्विवेदी और बांसी के विधायक राजा जय प्रताप सिंह मंत्री बनाए गए थे। उस दौरान मंडल की कुल 13 विधानसभा सीटों में 12 सीटें भाजपा की झोली में आई थी। 2022 के विधानसभा चुनाव में सीटें घटकर आठ रह गईं। इसमें बस्ती से एक, संतकबीरनगर से तीन और सिद्धार्थनगर से चार सीटें पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। भाजपा कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि योगी सरकार के मंत्रिमंडल के विस्तार में कम से एक विधायक को जरूर जगह मिलेगी। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान के आचार्य एवं राजनीतिक विश्लेषक प्रो. गोपाल प्रसाद कहते हैं कि, इसी अंचल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सीधा ताल्लुक है। मुख्यमंत्री योगी और महराजगंज से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी यहीं से हैं शायद इसीलिए बस्ती मंडल से किसी को जगह नहीं मिली। मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान जातीय, सामाजिक संतुलन को पार्टी अपनी कसौटी पर परखती है। इसे उपेक्षा की दृष्टि से देखना ठीक नहीं होगा। संभव है कि संगठनात्मक ढांचे में यहां के लोगों को ज्यादा तवज्जो दी जाए। गोरखपुर मंडल को नहीं थी उम्मीद मंत्रिमंडल विस्तार में गोरखपुर मंडल से पार्टी नेताओं को बहुत उम्मीद नहीं थी, इसकी वजह भी है। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कर्मभूमि यही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी महराजगंज से सांसद हैं और गोरखपुर शहर में ही उनका निवास है। गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे और राज्यसभा सदस्य डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल वर्तमान में राष्ट्रीय महामंत्री हैं। इसके अलावा बांसगांव लोकसभा क्षेत्र से सांसद कमलेश पासवान भी केंद्र सरकार में राज्यमंत्री हैं। देवरिया जिले की पथरदेवा विधानसभा सीट से विधायक सूर्य प्रताप शाही प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री और सलेमपुर की विधायक विजयलक्ष्मी गौतम प्रदेश सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री हैं। कमलेश पासवान ने दी बधाई केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने मंत्रिमंडल विस्तार में शामिल सभी विधायकों को बधाई दी है। कहा कि पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सभी जनसेवा व सुशासन के संकल्पों के साथ विकास यात्रा को नई गति प्रदान करेंगे।

## हार नहीं मानी...तो मिल ही गई MBBS की डिग्री- सपना हुआ पूरा

**कुशीनगर (एजेंसी)** गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज से एक अजब-गजब मामला सामने आया है। यहां एक छात्र ने 17 साल की लंबी जद्दोजहद के बाद एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर ली है। 2009 बैच के इस छात्र को बार-बार परीक्षाओं में असफलता मिली, लेकिन उसने हार नहीं मानी। आखिरकार 2026 में सभी विषयों में पास होकर उसने एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर ली। बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज में वर्ष 2009 बैच में दाखिला लेने वाले एक छात्र ने आखिरकार 17 साल बाद एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर ली है। एमबीबीएस पास करने के बाद अब छात्र बीआरडी मेडिकल कॉलेज के एनेस्थीसिया विभाग में ही एक वर्ष की अनिवार्य इंटर्नशिप करेगा। कई बार परीक्षा में असफल होने के बाद छात्र को गाइडलाइन के तहत मार्च महीने में अंतिम अवसर दिया गया था। अप्रैल में परीक्षा कराई गई थी।रिजल्ट में उसने परीक्षा पास कर ली है। हाल ही में परिणाम घोषित होने के बाद कॉलेज परिसर में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। छात्र एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र देव के अंडर में वह प्रशिक्षण प्राप्त करेगा। डॉ. नरेंद्र देव ने कहा कि छात्र की रुचि और सीखने की क्षमता को देखते हुए उसे विभागीय कार्यों में शामिल किया जाएगा। इंटर्नशिप के दौरान वह अन्य जूनियर छात्रों के साथ अस्पताल की विभिन्न जिम्मेदारियां निभाएगा। कॉलेज से जुड़े लोगों के अनुसार छात्र अंतिम वर्ष में कई बार फेल हुआ लेकिन हार नहीं मानी। लगातार असफलताओं के बावजूद उसने पढ़ाई जारी रखी और पेपर देता रहा। आखिरकार वह सफल भी हो गया। मेडिकल कॉलेज के कई शिक्षक और छात्र इसे संघर्ष, धैर्य और आत्मविश्वास की मिसाल मान रहे हैं। डॉ. नरेंद्र देव ने बताया कि अब छात्र डॉक्टर बनने की अंतिम प्रक्रिया पूरी करते हुए अस्पताल में मरीजों की सेवा से जुड़ा अनुभव हासिल करेगा।

## 'पिटाई, गालियां और खाने में बासी रोटियां, यही थी रोजमर्रा की जिंदगी', काश्तकार ने दीं जानवरों जैसी यातनाएं

**जालौन (एजेंसी)** मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया। टिनशेड वाले कमरे से चार मजदूरों को बंधक बनाकर उनसे कथित रूप से मजदूरी कराई जा रही थी। पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाकर चारों मजदूरों को मुक्त कराया। जगनेवा गांव में बंधुआ मजदूरी के खुलासे के बाद जो कहानी सामने आई, उसने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। जिन चार मजदूरों को पुलिस ने टिनशेड वाले कमरे से मुक्त कराया, उनकी जिंदगी किसी कैदखाने से कम नहीं थी। भूख, पिटाई, गालियां और अमानवीय यातनाएंङ्घ यही उनकी रोजमर्रा की जिंदगी बन चुकी थी। मजदूरों ने बताया कि उनसे उनकी क्षमता से कहीं अधिक काम कराया जाता था। सुबह से देर रात तक गोबर उठवाना, पशुओं को चारा डालना, खेतों में मजदूरी कराना




और घर के अन्य काम करवाए जाते थे। काम में जरा सी कमी होने पर उन्हें जानवरों की तरह पीटा जाता था। दिनभर की मजदूरी के बदले उन्हें भरपेट भोजन तक नसीब नहीं होता था। मजदूरों ने बताया कि घर में बची हुई बासी रोटियां उन्हें खाने के लिए दी जाती थीं। चार लोगों में मुश्किल से सौ ग्राम दाल बांटी जाती थी, ताकि वे केवल जिंदा रह सकें। कई बार बासी रोटी के साथ चटनी या भर्ता देकर ही उन्हें पूरा दिन गुजारना पड़ता भटके लोगों को बनाते थे निशाना, फिर बना लेते थे बंधक ग्रामीणों के अनुसार आरोपी राह चलते भोले-भाले और भटके हुए लोगों को अपना निशाना बनाते थे। पहले उनसे बातचीत करते, फिर उन्हें गंतव्य तक छोड़ने का भरोसा देते। इसके बाद उन्हें अपने घर ले जाकर बंधक बना लिया जाता था। एक बार उनके कब्जे में आने के बाद मजदूरों से बिना पैसे मजदूरी कराई जाती थी। भागने की कोशिश करने या काम से मना करने पर इतनी यातनाएं दी जाती थीं कि मजदूर पूरी तरह टूट जाते थे। दो साल से कैद जिंदगी, बोलने तक पर थी पाबंदी मुक्त कराए गए मजदूरों में दिल्ली विजय नगर निवासी अनिल, बरेली निवासी वीरेंद्र और हमीरपुर के कछुआ कला निवासी प्रेमचंद्र ने बताया कि वे करीब दो साल से आरोपियों के चंगुल में फंसे हुए थे। वहीं राठ क्षेत्र के बेगए गांव निवासी धर्मेंद्र ने बताया कि वह करीब 17 दिन पहले रास्ते से गुजर रहा था, तभी इन लोगों ने उसे बाइक पर बैठाया और बहाने से अपने घर ले गए। वहां उसे बंधक बना लिया गया। विरोध करने पर बेरहमी से पीटा। इसके बाद वह डर के साए में मजदूरी करने को मजबूर हो गया। मजदूरों ने बताया कि उन पर बोलने तक की पाबंदी थी। उन्हें सिर्फ आदेश सुनने और काम करने की अनुमति थी।

## फिरोजाबाद पुलिस ने दबोचा बाइक चोरों का वो गैंग, जो लंबे समय से था सक्रिय; मुठभेड़ में एक बदमाश घायल

**फिरोजाबाद (एजेंसी)** फिरोजाबाद के रसूलपुर क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार किए गए। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि पुलिस ने चोरी की तीन बाइक और अवैध हथियार बरामद किए। फिरोजाबाद के थाना रसूलपुर क्षेत्र में शनिवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया। जवाबी कार्रवाई के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जिसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिल, दो अवैध तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं। एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद ने बताया कि थाना रसूलपुर पुलिस संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मोढा से जमालपुर और मोतीनगर जाने वाले तिराहे के



पास पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को रोकने का प्रयास किया। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान आसिफ निवासी गली नंबर- सात रसूलपुर टंकी के पास पुराना रसूलपुर हाल निवासी किराये का मकान लेबर कॉलोनी वेस्ट ग्लास के पास थाना लाइनपार तथा योगेंद्र कुमार उर्फ अर्जुन निवासी गांव जरौली ऊधी मोड के पास इटावा हाल निवासी नवी खां किराये के मकान में डोरी गांव बछगांव चौराहा थाना नारखी क्षेत्र के रूप में हुई। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद कीं, जिनमें दो बाइक हाल ही में रसूलपुर थाने में दर्ज चोरी के मुकदमों से संबंधित निकलीं। तलाशी के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से दो तमंचे, चार जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद किए। आरोपी लंबे समय से वाहन चोरी की घटनाओं में सक्रिय थे और इनके खिलाफ पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी आसिफ पर आर्म्स एक्ट समेत चोरी के कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। वहीं योगेंद्र के खिलाफ भी वाहन चोरी के मामले दर्ज पाए गए हैं।

## योगी के मंत्रिमंडल विस्तार पर मायावती ने दी प्रतिक्रिया, कहा- इसका सकारात्मक असर जनता में दिखना भी चाहिए

**लखनऊ (एजेंसी)** उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि वैसे तो मंत्रिमण्डल का घटाना-बढ़ाना व विस्तार आदि सत्ताधारी पार्टी का आन्तरिक राजनीतिक चिन्तन का मामला ज्यादा होता है और इसीलिये उत्तर प्रदेश मंत्रिमण्डल के कल हुये विस्तार के बारे में कुछ भी टीका-टिप्पणी करना उचित नहीं होगा, किन्तु कुल मिलाकर इसका अच्छा प्रभाव आमजन के हित के साथ-साथ खासकर सर्वसमाज के गरीबों, मजदूरों,




किसानों, युवाओं के जीवन की बेहतरी एवं महिला सुरक्षा-सम्मान आदि पर पड़ता हुआ दिखना भी जरूर चाहिये, वरना लोग इसको राजनीतिक जुगाड़ तथा सरकारी संसाधन पर बढ़ा हुआ बोझ ही मान लेंगे। इतना ही नहीं बल्कि समाज के हर वर्गों में भी विशेषकर कमजोर तबकों के जान, माल व मजहब की सुरक्षा व उन्हें न्याय मिलता हुआ महसूस होने पर सरकार व उनके सभी मंत्रियों के कार्यकलापों में परिलक्षित भी हो तो यह उचित होगा, जो कि सरकारों व उनके मंत्रियों की पहली संवैधानिक ज़िम्मेदारी बनती है। इसी क्रम में अभी हाल ही में राजधानी लखनऊ में ब्राह्मण समाज से ताल्लुक रखने वाले भाजपा के एक युवा नेता पर जानलेवा हमला होने से हर तरफ एक बार फिर से कानून-व्यवस्था के साथ-साथ इस बात पर भी चर्चा शुरू हो गयी है कि यूपी में ब्राह्मण समाज यहां केवल उपेक्षित ही नहीं बल्कि काफी असुरक्षित भी है जो अति-चिन्तनीय, जबकि बी.एस.पी. की रही सभी सरकारों में समाज के हर वर्ग के जान, माल व मजहब के साथ-साथ बेहतरीन कानून-व्यवस्था के तहत ब्राहमण समाज सहित समाज के सभी वर्गों को ॠसर्वजन हिताय व सर्वजन सुखायॠ की नीति व सिद्धान्त के अन्तर्गत न्याय और सुरक्षा दी गयी थी, जो कि सर्वविदित है। यूपी में रविवार को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में छह मंत्री बनाए गए हैं। वहीं, दो का प्रमोशन हुआ है।

## यूपी तक पहुंची हाईप्रोफाइल मर्डर की गूंज, कोलकाता पुलिस ने तीन को दबोचा

**अयोध्या (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में कोलकाता पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो आरोपी बक्सर बिहार के रहने वाले हैं। जबकि, तीसरा आरोपी यूपी के बलिया का रहने वाला है। लेकिन, वर्तमान यह भी बक्सर में ही रहता है। इनमें से एक आरोपी राज सिंह अयोध्या के नगर कोतवाली क्षेत्र से पकड़ा गया है। हालांकि, इस मामले में जिले की पुलिस कुछ भी बोलने से इनकार कर रही है। इसके अलावा मयंक मिश्रा और विक्की मौर्या को बक्सर से ही गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों मूल रूप से बक्सर के ही रहने



वाले हैं। नगर कोतवाली क्षेत्र की सीमा में हाईवे से किया गिरफ्तार सूत्रों के अनुसार, मूल रूप से बलिया का रहने वाला राज सिंह लखनऊ की तरफ से लखनऊ-गोरखपुर हाईवे से आ रहा था। सुरक्षा एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर कोलकाता पुलिस ने इसे नगर कोतवाली क्षेत्र की सीमा में हाईवे से ही गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, अभी तक इसके संबंध में ठोस साक्ष्य सामने नहीं आए हैं। पुलिस अधीक्षक नगर चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जानकारी की जा रही है। लगातार दबिश दे रही थी पुलस बताते चलें कि पश्चिम बंगाल में हुए इस चर्चित हत्याकांड के बाद से वहां की पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में यूपी समेत कई राज्यों में दबिश दे रही थी। जांच एजेंसियां मोबाइल कॉल डिटेल, लोकेशन ट्रैकिंग और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों तक पहुंचने का प्रयास कर रही थीं। अब मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। बताया जा रहा है कि कोलकाता पुलिस आज दोपहर में प्रेस वार्ता करके गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देगी। राज सिंह की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी टीम सूत्रों के अनुसार, बंगाल पुलिस कई दिनों से राज सिंह की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी। रविवार देर रात पुलिस टीम ने उसे अयोध्या में दबोच लिया और पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही बलिया के सदर कोतवाली क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ले में चचाओं का दौर शुरू हो गया। बता दें कि खुद को समाजसेवी कहने वाला राज सिंह जिले के वार्ड नंबर 15 से सभासद का चुनाव भी लड़ चुका है। राज सिंह के आनंद नगर स्थित आवास पर सोमवार को ताला बंद मिला। स्थानीय लोगों का कहना है कि उसके परिवार के सदस्य कहीं और चले गए हैं। मोहल्ले में दहशत और सन्नाटा पसरा हुआ है। पड़ोसियों के मुताबिक देर रात कई गाड़ियों के पहुंचने की आवाज सुनाई दी थी। इसके बाद सादे कपड़ों में कुछ लोग मोहल्ले में पहुंचे और पूछताछ करने के बाद वापस लौट गए। हालांकि स्थानीय लोग खुलकर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। स्थानीय स्तर पर राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था चर्चा है कि राज सिंह को स्थानीय स्तर पर राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था। बताया जा रहा है कि कुछ वर्ष पूर्व सदर कोतवाली क्षेत्र में एक अंडा दुकानदार को गोली मारने के मामले में भी उसका नाम सामने आया था। उस प्रकरण में वह आरोपी रहा है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर महाराष्ट्र में लगाएगी नया संयंत्र, 2029 से उत्पादन

### जापानी मीडिया के अनुसार करीब 1.9 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश

**नई दिल्ली ।**

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने भारत में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के उद्देश्य से महाराष्ट्र में एक नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की घोषणा की है। इस संयंत्र से 2029 की पहली छमाही में उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। जापानी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मूल कंपनी टोयोटा मोटर भारत में क्षमता विस्तार के लिए लगभग 300 अरब येन (लगभग 1.9 अरब अमेरिकी डॉलर) का भारी निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि यह नया संयंत्र महाराष्ट्र के बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा। इस प्लांट की वार्षिक उत्पादन क्षमता एक लाख वाहनों की होगी और इससे लगभग 2,800 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के अनुसार इस संयंत्र में एक नया एसयूवी मॉडल तैयार किया जाएगा, जिसमें स्टैम्पिंग, वेल्डिंग, पेंटिंग और असेंबली जैसी प्रमुख प्रक्रियाएं शामिल होंगी। वर्तमान में, टीकेएम के कर्नाटक में दो संयंत्र हैं जिनकी कुल वार्षिक उत्पादन क्षमता 5.52 लाख इकाई है। यह नया प्लांट कंपनी की भारतीय बाजार में अपनी कारोबारी बुनियाद को और मजबूत करने की रणनीति का अहम हिस्सा है।

## भारत की आर्थिक वृद्धि 6.7 फीसदी रहने का अनुमान बीएमआई

### चालू वित्त वर्ष में वैश्विक अस्थिरता और अल नीनो से जोखिम

**नई दिल्ली ।**

फिच समूह की इकाई बीएमआई ने ईरान युद्ध, बढ़ती तेल कीमतों और वैश्विक आर्थिक गतिविधियों के कमजोर पड़ने के चलते चालू वित्त वर्ष (2026-27) में भारत की आर्थिक वृद्धि दर को घटाकर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। यह पिछले वित्त वर्ष (2025-26) में 7.7 प्रतिशत थी, लेकिन मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों से इस पर नकारात्मक असर पड़ा है। बीएमआई की रिपोर्ट के अनुसार ईरान-अमेरिका संघर्ष के बढ़ने की आशंका भारत के वृद्धि अनुमानों के लिए एक बड़ा जोखिम है। ऐसे में भारत को रक्षा खर्च, ईंधन कीमतों और राजकोषीय स्थिति के बीच संतुलन बनाना एक चुनौती होगा। हालांकि, 2025 में किए गए कर सुधार लागत-आधारित महंगाई के असर को कुछ हद तक कम करने में सहायक हो सकते हैं। संस्था ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6.7 प्रतिशत के अनुमान को बरकरार रखा है। बीएमआई का कहना है कि पिछले वर्षों के कर सुधारों का प्रभाव नए वित्त वर्ष में बढ़ती लागत से घटता जाएगा। ऊर्जा एवं खाद्य आपूर्ति में संभावित बाधाएं और भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा अनुमानित 'अल नीनो' के कारण सामान्य से कम मानसून भी खपत वृद्धि को धीमा कर महंगाई बढ़ाएगा। रिपोर्ट चेतावनी देती है कि यदि ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 90 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचती है, तो भारत की जीडीपी वृद्धि दर 0.4 से 0.7 प्रतिशत तक घट सकती है। भारत की अर्थव्यवस्था एशिया में ऊर्जा कीमतों के प्रति सबसे संवेदनशील मानी जाती है, जिससे बाहरी झटकों का उस पर सीधा प्रभाव पड़ता है।

## पश्चिमी एशिया में तनाव से महंगे हो सकते हैं पेट्रोल और डीजल

### सरकारी तेल कंपनियों को 30,000 करोड़ का मासिक नुकसान

**नई दिल्ली ।**

पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष और कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उछाल के कारण भारत में पेट्रोल और डीजल महंगा हो सकता है। सरकारी तेल मार्केटिंग कंपनियां (ओएमसी) पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) की बिक्री पर हर महीने 30,000 करोड़ रुपये का भारी नुकसान झेल रही हैं, जिससे सरकार पर अब कीमतों में वृद्धि का दबाव बढ़ गया है। पहले कीमतों में बढ़ोतरी से इनकार करने वाली सरकार अब यह मान रही है कि अब तक की कोशिश कीमतों को स्थिर रखने की रही है, जो संभावित वृद्धि का संकेत है। होर्मुज स्ट्रेट बंद होने के खतरे और अमेरिका-ईरान तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच चुकी हैं, लेकिन भारतीय खुदरा बाजार में ईंधन के दाम लंबे समय से अपरिवर्तित हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्थिति भारतीय अर्थव्यवस्था की सेहत और तेल कंपनियों के मुनाफे पर भारी पड़ रही है।

# शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ बंद

### सेंसेक्स 1312 , निफ्टी 360 अंक फिसला

**मुंबई ।**

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। मध्य पूर्व में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से भी बाजार पर दबाव पड़ा है। इसी कारण दिन भर के करोबार के बाद के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1312.91 अंक नीचे आकर 76,015.28 पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी50 360.30 अंक गिरकर 23,815.85 पर बंद हुआ। आज व्यापक बाजार में निफ्टी मिडकैप में 1.05 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप सूचकांक में 1.13 फीसदी की गिरावट रही। क्षेत्रवार देखें तो आज सबसे ज्यादा गिरावट निफ्टी उपभोक्ता उत्पादों में 3.73 फीसदी और निफ्टी रियल्टी में 3.05 फीसदी रही। इसके अलावा निफ्टी मीडिया, निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी ऑयल एंड गैस के शेयर भी 2 फीसदी नीचे आये जबकि निफ्टी ऑटो, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज, निफ्टी मेटल और निफ्टी प्राइवेट बैंक के शेयर भी गिरे। निफ्टी पैक में सबसे ज्यादा टाटा कंज्यूमर के शेयरों में 8 फीसदी से ज्यादा की बढ़त रही। इसके बाद मैक्स हेल्थ के शेयरों में 2.7 फीसदी की तेजी रही। इसके अलावा कोल इंडिया, सन फार्मा, एचयूएल, ग्रासिम, ओएनजीसी, अदाणी पोर्ट्स और एसबीआई लाइफ के शेयरों में भी तेजी रही। दूसरी ओर




टाइटन, इंडिगो, एसबीआई, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज, भारती एयरटेल और रिलायंस के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। आज बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 467 लाख करोड़ रुपए ही रहा जबकि पिछले सत्र में ये 473 लाख करोड़ रुपए था।

## रुपया 139 पैसे टूटकर 94.90 प्रति डॉलर पर खुला

### रुपया पिछले कारोबारी दिन 93.51 पर बंद हुआ था

**मुंबई ।**

रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 139 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.90 पर पहुंच गया। अमेरिका के शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खारिज करने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत रुख और विदेशी पूंजी की भारी निकासी ने रुपये पर और दबाव डाला।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.97 पर खुला। फिर मामूली बढ़त के साथ 94.90 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 139 पैसे की भारी गिरावट है। रुपया शुक्रवार को 71 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.51 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.20 पर रहा।

## सीनियर सिटिजन कोटे और बुकिंग के खास विकल्पों से पाएं ट्रेन में निचली बर्थ

### बुजुर्गों और 45 वर्ष से अ धिक की महिलाओं के लिए विशेष कोटा

**नई दिल्ली ।**

ट्रेन में आरामदायक सफर के लिए लोअर बर्थ की चाहत हर यात्री को होती है, खासकर बुजुर्गों को, जिन्हें ऊपर की बर्थ पर चढ़ने में खासी परेशानी होती है। भारतीय रेलवे (आईआरसीटीसी) ने अब ऐसे यात्रियों के लिए लोअर बर्थ सुनिश्चित करने के खास तरीके बताए हैं, जिससे उनकी यात्रा सुगम बन सके। रेलवे के नियमों के अनुसार 60 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष, 58 वर्ष से अधिक आयु की महिलाएं और 45 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए लोअर बर्थ का एक संयुक्त कोटा निर्धारित है। यह कोटा स्लीपर से लेकर एसी क्लास तक उपलब्ध होता है, जिससे इन यात्रियों को प्राथमिकता मिलती है। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए टिकट बुकिंग करते समय बुजुर्ग नागरिक विकल्प का चयन करना अनिवार्य है। आइआरसीटीसी के अनुसार एक पीएनआर पर केवल 1 या 2 बुजुर्ग यात्रियों के लिए ही लोअर बर्थ मिलने की संभावना अधिक होती है। लोअर बर्थ की गारंटी हेतु रिजर्वेशन चाइस में बुक ऑनली लोउर बर्थ इज एलाउउ विकल्प चुनें। यह विकल्प सुनिश्चित करेगा कि यदि लोअर बर्थ उपलब्ध नहीं है, तो आपका टिकट बुक नहीं होगा। ध्यान रहे कि सामान्य कोटे में लोअर बर्थ का आवंटन पूरी तरह उपलब्धता पर निर्भर करता है। यदि बुकिंग के दौरान लोअर बर्थ नहीं मिल पाती है, तो यात्रा के दौरान आप ड्यूटी पर मौजूद कोच टीटीई से संपर्क कर सकते हैं। उन्हें ज़रूरतमंद यात्रियों की सहायता करने का अधिकार है और वे सीटों की उपलब्धता के आधार पर मदद कर सकते हैं।

# तेल कीमतों में उछाल, कच्चा तेल 104 डॉलर के पार

### हॉर्मुज में आपूर्ति बाधित, ट्रंप की चीन यात्रा पर नजर, 10 हफ्तों से जारी संघर्ष गहराया

**नई दिल्ली ।**

अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम को लेकर बातचीत विफल होने के बाद सोमवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल दर्ज किया गया। ब्रेंट क्रूड 104.47 डॉलर प्रति बैरल जबकि अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड 98.51 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। दुनिया के महत्वपूर्ण तेल व्यापार मार्ग, स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में जारी तनाव के कारण तेल आपूर्ति सामान्य नहीं हो पा रही है, जिससे वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा पर संकट गहरा गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान की ओर से दिए गए जवाब को अस्वीकार्य करार दिया, जिससे पिछले 10 हफ्तों से जारी संघर्ष के जल्द खत्म होने की उम्मीदें कम हो गईं। अब बाजार की नजर इस हफ्ते होने वाली ट्रंप की चीन यात्रा पर टिकी है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, ट्रंप चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से ईरान मुद्दे पर चर्चा कर सकते हैं, इस उम्मीद के साथ कि चीन, ईरान पर दबाव डालकर युद्धविराम की दिशा में मदद कर सकता है। इस बीच सऊदी अरामको के मुख्य कार्याधिकारी अमीन नासिर ने चिंता व्यक्त की है कि पिछले दो महीनों में दुनिया को लगभग 1 अरब बैरल तेल की कमी झेलनी पड़ी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर तेल की आपूर्ति फिर से शुरू भी हो जाए,



तब भी बाजार को सामान्य होने में समय लगेगा। हालिया शिपिंग डेटा से पता चला है कि पिछले हफ्ते दो तेल टैंकर बिना ट्रैकिंग सिस्टम चालू किए स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से निकले, जिसे ईरानी हमलों से बचने की कोशिश माना जा रहा है। इस घटना ने पश्चिम एशिया से तेल निर्यात को लेकर वैश्विक चिंताओं को और बढ़ा दिया है।

# डाक विभाग का 4,000 करोड़ रुपए राजस्व वृद्धि का महत्वाकांक्षी लक्ष्य

### पेम्मासानी ने बताया, नवाचार, जवाबदेही और सेवा विस्तार के दम पर दोगुनी होगी अतिरिक्त आय

**नई दिल्ली।**

संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने घोषणा की है कि डाक विभाग का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में अपनी अतिरिक्त राजस्व वृद्धि को दोगुना कर 4,000 करोड़ रुपये तक पहुंचाना है। यह उपलब्धि नवाचार, जवाबदेही और विभिन्न खंडों में तय लक्ष्यों की प्राप्ति के माध्यम से हासिल की जाएगी। मंत्री पेम्मासानी ने बताया कि डाक विभाग ने बीते वित्त वर्ष में 2,100 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राजस्व वृद्धि दर्ज की, जो पिछले चार दशकों में सर्वाधिक है। इस अवधि में विभाग का कुल राजस्व 13,218 करोड़ रुपये से बढ़कर 15,296 करोड़ रुपये हो गया। उनका दीर्घकालिक लक्ष्य अगले तीन से चार वर्षों में डाकघरों को लागत केंद्र से लाभ केंद्र में बदलना है। इस सफलता के लिए विभाग ने विभिन्न चुनौतियों का गहन अध्ययन किया, बाजार हिस्सेदारी की पहचान की, परिचालन बाधाओं को दूर किया और जवाबदेही सुनिश्चित की। मंत्री ने नियमित मासिक समीक्षाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदर्शन में कमी पर पहले 15 अधिकारियों को पत्र भेजे गए थे, लेकिन अब प्रभावी निगरानी और प्रोत्साहन के कारण यह संख्या घटकर एक रह गई है। ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए 24 और 48 घंटे में स्पीड पोस्ट वितरण, उन्नत ट्रैकिंग प्रणाली और ओटीपी आधारित अलर्ट जैसी नवाचारी सेवाएं शुरू की गई हैं।

निजी क्षेत्र से प्रतिस्पर्धा के मद्देनजर, 214 डाकघरों में



चौबीसों घंटे और लगभग 4,000 डाकघरों में विस्तारित कार्य घंटे की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिसे भविष्य में और बढ़ाया जाएगा। मंत्री ने जोर दिया कि आईटी के उपयोग और लक्ष्य-आधारित प्रणाली से ग्राहक संतुष्टि में सुधार आया है।

## रेलवे की रफ्तार- रिकॉर्ड बजट व्यय, हवाई यात्रा को मिलेगी कड़ी टक्कर

### मंत्री वैष्णव बोले- कई मार्गों पर ट्रेनें विमान सेवाओं से आगे निकलेंगी, यात्रा समय में भारी कमी

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को भारतीय रेलवे की तीव्र प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रेलवे ने चालू वित्त वर्ष में अपने निर्धारित बजट का 98 प्रतिशत फरवरी के अंत तक खर्च कर दिया है, जो परियोजनाओं के तेज क्रियान्वयन को दर्शाता है। वैष्णव ने दावा किया कि आगामी समय में देश के कई प्रमुख मार्गों पर ट्रेन सेवाएं हवाई यात्रा को पीछे छोड़ देंगी। मंत्री ने बताया कि 49,000 किलोमीटर ट्रैक का विद्युतीकरण और 36,000 किलोमीटर नई पटरियों के जुड़ने से यात्रा समय में अभूतपूर्व कमी आएगी। उन्होंने कहा कि 49,000 किलोमीटर विद्युतीकरण जर्मनी के पूरे रेल नेटवर्क से अधिक है, जबकि 36,000 किलोमीटर नई पटरियां स्विट्जरलैंड के नेटवर्क का लगभग छह गुना हैं। उदाहरण के लिए, मुंबई-पुणे (28 मिनट), पुणे-हैदराबाद (1 घंटा 55 मिनट), हैदराबाद-बेंगलुरु (लगभग 2 घंटे), बेंगलुरु-चेन्नई (78 मिनट), दिल्ली-वाराणसी (3 घंटे 50 मिनट) और दिल्ली-लखनऊ (लगभग 2 घंटे) में पूरी होगी। वैष्णव ने विमानन कंपनियों को आगाह करते हुए कहा कि इन मार्गों पर 99 प्रतिशत यातायात रेलवे से होगा और निवेशकों को इस सच्चाई को अभी से समझ लेना चाहिए।

## ऑनलाइन इंस्ट्रूमेंट्स 750 करोड़ के आईपीओ की तैयारी में

### सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज किए दाखिल

**नई दिल्ली ।**

ऑडियो-विजुअल सिस्टम एकीकरण (एवीएसआई) समाधान प्रदान करने वाली कंपनी ऑनलाइन इंस्ट्रूमेंट्स (इंडिया) लिमिटेड ने पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल कर दिए हैं। कंपनी का लक्ष्य इस आईपीओ के जरिए 750 करोड़ रुपये जुटाना है, जिसका उपयोग मुख्य रूप से कर्ज चुकाने और कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने में किया जाएगा। आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार इस निर्गम में नए शेयरों के माध्यम से 750 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, प्रमोटर और मौजूदा शेयरधारक 57.10 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी करेंगे। बेंगलुरु स्थित यह कंपनी आईपीओ से पहले 150 करोड़ रुपये तक का प्री-आईपीओ प्लेसमेंट भी कर सकती है, जिससे नए शेयर निर्गम का आकार उसी अनुपात में कम हो जाएगा। कंपनी ने बताया कि नए निर्गम से प्राप्त 750 करोड़ रुपये में से 160 करोड़ रुपये का उपयोग कुछ ऋणों के पुनर्भुगतान या पूर्व-भुगतान के लिए किया जाएगा। वहीं, 330 करोड़ रुपये कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को पूरा करने में लगाए जाएंगे। शेष राशि का उपयोग संभावित अधिग्रहणों और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए आरक्षित की जाएगी। ऑनलाइन इंस्ट्रूमेंट्स ऑडियो-विजुअल सिस्टम एकीकरण (एवीएसआई) समाधानों में विशेषज्ञता रखती है और बेंगलुरु में इसके तीन




विनिर्माण संयंत्र हैं। कंपनी ने भारत सहित सिंगापुर, मलेशिया, ताइवान, यूएई, अमेरिका और फ्रांस जैसे कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी एवीएसआई परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी की हैं।

## एलपीजी कंपनियों ने ग्राहकों को ठगों से रहें सावधान रहने की दी सलाह

### फर्जी ओटीपी मैसेज से बचें, जानें असली संदेश की पहचान और शहर अनुसार कीमतें

**नई दिल्ली ।**

एलपीजी सिलेंडर डिलीवरी अब डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) सिस्टम के जरिए हो रही है, जिससे सुरक्षा बढ़ी है पर साइबर ठग इसी का फायदा उठाकर फर्जी मैसेज भेजकर उपभोक्ताओं को धोखा दे रहे हैं। एलपीजी कंपनियों ने ग्राहकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। यह सिस्टम सुनिश्चित करता है कि सिलेंडर सही ग्राहक तक पहुंचे, जिससे गलत डिलीवरी और गड़बड़ी की संभावना कम हुई है। हालांकि, इसी सिस्टम का फायदा उठाकर साइबर ठग फर्जी मैसेज भेज रहे हैं। एचपीसीएल और भारत गैस ने चेताया है कि असली मैसेज केवल वीएम-एचपीगैस-एस जैसे आधिकारिक सेंडर आईडी से 4 अंकों के ओटीपी के साथ आते हैं, जिसे सिर्फ सिलेंडर डिलीवरी के समय साझा करें। कोई भी कर्मचारी फोन वाटसएप या लिंक से ओटीपी नहीं मांगेगा। इंडेन ने भी ग्राहकों को पहले बुकिंग जांचने की सलाह दी है और कहा है कि सही मैसेज (वीके-इंडेन या वीएम-इंडेन) से 6 अंकों का डीएसी कोड) डिलीवरी बॉय के घर पहुंचने पर ही शेयर करें।



वहीं एक तरफ सुरक्षा बढ़ रही है, दूसरी ओर एलपीजी सिलेंडर की कीमतें शहर-शहर अलग-अलग हैं। बेंगलुरु में घरेलू सिलेंडर 915.50 रुपये, हैदराबाद में 965 रुपये और इंदौर में 941 रुपये में उपलब्ध है। पटना में यह 1002.50 रुपये तक पहुंच गया है। ये दरें डिस्ट्रीब्यूशन और स्थानीय लागत के आधार पर निर्भर करती हैं।

## फ्लिपकार्ट का एआई बूस्टर, छोटे शहरों के कारोबा रियों को बना रहा बड़ा सेलर

### ई-कॉमर्स दिग्गज 1.4 मिलियन विक्रेताओं को सशक्त बनाकर अपनी बाजार स्थिति कर रहा है मजबूत

**मुंबई ।**

ई-कॉमर्स दिग्गज फ्लिपकार्ट छोटे शहरों के विक्रेताओं को देशभर में अपने कारोबार का विस्तार करने में मदद करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल का उपयोग कर रही है। वॉलमार्ट के स्वामित्व वाला यह प्लेटफॉर्म अपनी बाजार स्थिति को मजबूत करने और आगामी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) से पहले अपने 14 लाख विक्रेताओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। फ्लिपकार्ट ने एआई-संचालित ऐसे डैशबोर्ड विकसित किए हैं, जो हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में तत्काल जानकारी प्रदान करते हैं।

यह उपकरण विक्रेताओं को मांग का पूर्वानुमान, मूल्य निर्धारण संबंधी सलाह और बाजार के रुझानों का विश्लेषण करने में सक्षम बनाते हैं, जो पहले उनके लिए अनुपलब्ध थे। वॉयस-एनेबल्ड प्रणाली के माध्यम से, विक्रेता अब यह पूछ सकते हैं कि क्या बनाना है, कब स्टॉक करना है और उत्पादों का सही मूल्य कैसे निर्धारित करना है। फ्लिपकार्ट के मार्केटप्लेस और किराना प्रमुख के अनुसार, इस मार्गदर्शन ने कई व्यवसायों को हफ्तों के भीतर ही




उल्लेखनीय वृद्धि हासिल करने में सहायता की है। यह पहल भारतीय ई-कॉमर्स में एक बड़े संरचनात्मक बदलाव को दर्शाती है।

गूगल और डेलॉयट की रिपोर्ट के अनुसार यह उद्योग 2030 तक मौजूदा 90 अरब डॉलर से बढ़कर 250 अरब डॉलर का अनुमानित बाजार बन जाएगा। इस वृद्धि का मुख्य चालक महानगर नहीं, बल्कि मझोले और छोटे शहर हैं, जहां पहली बार के उद्यमी और कारीगर देशव्यापी पहुंच के साथ डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड बना रहे हैं।

रिपोर्ट बताती है कि एआई इस विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, क्योंकि यह खरीदारों की मांग को अत्यधिक व्यक्तिगत बनाता है, संचालन को सुव्यवस्थित करता है और लाभ में 30 से 35 प्रतिशत की वृद्धि कर सकता है।

## भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बावजूद भारतीय एमएंडए बाजार मजबूत

### आउटबाउंड अधिग्रहण में रिकॉर्ड उछाल, फार्मा, टेक और वित्तीय सेवा क्षेत्र बने मुख्य आकर्षण



**नई दिन्ली ।**

वैश्विक भू-राजनीतिक अस्थिरता और असामान्य उथल-पुथल के बावजूद, भारत का विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) बाजार अपनी पकड़ बनाए हुए है। स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के एक वे रिष्ठ अे धिकारी के अनुसार देश में सौदों की गतिविधियां सालाना 200 अरब डॉलर की रफ्तार से जारी रहने की उम्मीद है। यह सौदे देश और विदेश में समान रूप से बंटे होंगे, जो भारतीय बाजार में निरंतर विश्वास को दर्शाता है। सिंघी ने वैश्विक एमएंडए परिदृश्य को दो हिस्सों की कहानी बताया, जहां अमेरिका और यूरोप में बड़े सौदे और घरेलू एकीकरण हावी हैं, वहीं भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया और पश्चिम एशिया में ऊर्जा परिवर्तन और बुनियादी ढांचा प्रमुख चालक हैं। सबसे उल्लेखनीय बदलावों में से एक विदेश में भारतीय कंपनियों के अधिग्रहण में तेजी है। हाल में घोषित सन फार्मा का विदेशी अधिग्रहण इस नई रुचि का प्रमुख संकेत है, जिसे अब तक के सबसे बड़े भारतीय अधिग्रहणों में से एक माना जा रहा है। इस प्रवृत्ति को तीन प्रमुख कारकों से बढ़ावा मिल रहा है- विनिर्माण में प्रौद्योगिकी तक पहुंच, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का पुनर्गठन, और भारतीय कंपनियों का घरेलू विकास में नरमी के बावजूद विदेशों में अपनी ऐतिहासिक विस्तार गति बनाए रखने की क्षमता, क्योंकि उनके पास मजबूत बैलेंस शीट है। दवा, स्वास्थ्य सेवा, इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण सेवाएं (ईएमएस) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) विदेशी सौदों में रुचि वाले मुख्य क्षेत्र हैं। देश के भीतर, वित्तीय सेवाएं लगातार विदेशी रणनीतिक रुचि आकर्षित कर रही हैं। पश्चिम एशियाई निवेशक भारत में सक्रिय हैं, और एमिरेट्स एनबीडी-आरबीएल बैंक सौदा एक रणनीतिक कदम का उदाहरण है, जो जीडीपी वृद्धि हासिल करने का एक प्रभावी तरीका है।

